doubtnut
India's Number 1 Education App

BIOLOGY

BOOKS - NEET PREVIOUS YEAR

जैव-विविधता एवं संरक्षण

Multiple Choice Questions

1. निम्नलिखित में से कौन-सा बाह्यस्थाने संरक्षण' में नहीं आता?

A. वानस्पतिक उद्यान

B. पवित्र उपवन

C. वन्यजीव सफारी पार्क

D. बीज बैंक

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

2. एलैक्जैंडर वॉन हमबोल्ट ने सर्वप्रथम क्या वर्णित किया?

A. पारिस्थितिक जैव-विविधता

B. सीमाकारी कारकों के नियम

C. जाति क्षेत्र सम्बन्ध

D. समष्टि वृद्धि समीकरण

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

3. निम्न में कौन संकटमयी प्राणी एवं पौधों के बाह्यस्थाने संरक्षण से सम्बन्धित है ?

A. वन्यप्राणी सफारी पार्क

B. जैव-विविधता हॉटस्पॉट

C. अमेजन वर्षा प्रचुर वन

D. हिमालय क्षेत्र

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

4. जैवमंडल संरक्षित क्षेत्र का वह भाग जो क़ानूनी रूप से सुरक्षित है और जहाँ मानव की किसी भी गतिविधि की आज्ञा नहीं होती, वह क्या कहलता है ?

A. क्रोड क्षेत्र

B. बफर क्षेत्र पारगमन क्षेत्र

C. पारगमन क्षेत्र

D. पुनःस्थापना क्षेत्र

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

5. विख्यात कस्तूरी मृग अथवा हंगुल निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों में से कहाँ पाया जाता है

A. दाचीगम राष्ट्रीय उद्यान, जम्मू और कश्मीर

B. कीबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान, मणिपुर

C. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश

D. ईगलनेस्ट वन्यजीव शरण-स्थल, अरूणाचल प्रदेश

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

6. निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित है

A. स्तरण - समष्टि

B. वायुतक - ओपेन्शिया

C. आयु पिरामिड - जीवोम

D. पार्थीनियम हिस्टेरोफोरस - जैव-विविधता के लिए संकट

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

7. लाल सूची में किनके बारे में आँकड़े या सूचना होती है

A. केवल समुद्री कशेरुकी प्राणी

B. आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण सभी पादप

C. वे पादप, जिनके उत्पाद अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में हैं

D. संकटापन्न जातियाँ

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

8. नार्मन मेयर्स द्वारा आज तक विश्व में जैवविविधता के कितने हॉट स्पॉट की खोज की जा चुकी है

A. 43

B. 17

C. 25

D. 34

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

9. भारत का राष्ट्रीय जलीय प्राणी कौन-सा है?

A. नदी की डॉल्फिन

B. ब्लू व्हेल

C. समुद्री घोड़ा

D. गंगा की शार्क

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

10. जन्तुओं और पादपों की विलुप्ति का निम्नलिखित में से कौन सा एक सबसे मुख्य कारण है

A. विदेशी जाति की चढ़ाई

B. आवास क्षति और खण्डन

C. सह-समाप्ति

D. अतिदोहन

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

11. संकटापन्न स्पीशीज के युग्मकों का जीवनक्षम और जननक्षम स्थिति में निम्नताप-परिरक्षण कहलाता है

A. जैव-विविधता का स्व स्थाने संरक्षण

B. जैव-विविधता का उन्नत बाह्य स्थाने संरक्षण

C. पवित्र उपवनों द्वारा स्व स्थाने संरक्षण

D. जैव-विविधता का स्व स्थाने निम्नताप परिरक्षण

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

12. अधिकांश जंतु वृक्षों पर पाए जाते है:

A. शंकुधारी (कोनिफेरस) वनों में

B. कटीले काष्ठीय जंगलों में

C. शीतोष्ण पर्णपाती जंगलों में

D. उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों में

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

13. एक विशिष्ट क्षेत्र में सीमित रहने वाली जाति को जो अन्यत्र नहीं पायी जाती है उसे क्या कहा जाता है?

A. की-स्टोन

B. विदेशी

C. विशेष क्षेत्री

D. दुर्लभ

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

14. निम्नलिखित में से किसमें दोनों युग्म सही संयोजित हैं?

A. स्व स्थाने संरक्षण - राष्ट्रीय उद्यान

बाह्य स्थाने संरक्षण - वानस्पतिक उद्यान

B. स्वस्थाने संरक्षण - निम्न ताप परिरक्षण

बाह्य स्थाने संरक्षण - वन्यजीव अभ्यारण्य

C. स्व स्थाने संरक्षण - बीज बैंक

बाह्य स्थाने संरक्षण - राष्ट्रीय उद्यान

D. स्व स्थाने संरक्षण - ऊतक संवर्धन

बाह्य स्थाने संरक्षण - पवित्र उपवन

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

15. अकशेरुकी की वैश्विक जैव-विविधता का अनुपातिक विस्तार नीचे दिया गया हैं। चार समूह (A-D) किसका

प्रतिनिधित्व करते हैं?

उत्तर देखें

16. जिस प्रकार एक व्यक्ति गर्मी के मौसम में गर्मी से बचने के लिए दिल्ली से शिमला जाता है उसी प्रकार साइबेरिया और अन्य अत्यधिक ठंडे उत्तरी प्रदेशों से हजारों प्रवासी पक्षी किंस ओर जाते हैं ?

A. पश्चिम घाट

B. मेघालय

C. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

D. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

17. कौन-सा संगठन जातियों की रेड सूची प्रकाशित करता है?

A. ICFRI

B. IUCN

C. UNEP

D. WWF

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

18. एक जाति, जो निकट भविष्य में विलोपन के उच्च जोखिम की चरमता का सामना कर रही है उसे क्या कहा जाता है?

A. सुभेद्य

B. स्थानिक

C. क्रान्तिक. संकटापन्न

D. विलोप

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

19. बाह्य स्थाने संरक्षण का एक उदाहरण कौन-सा है?

A. राष्ट्रीय उद्यान

B. बीज बैंक

C. वन्य प्राणी अभ्यारण्य

D. पवित्र उपवन

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

20. वैश्विक जैव-विविधता में किसकी जातियों की अधिकतम संख्या है-

A. शैवाल की

B. लाइकेन की

C. कवक की

D. मॉस एवं फ़र्न की

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

21. निम्नलिखित में से कौन-सा बाह्यस्थाने संरक्षण' में नहीं आता?

A. क्षेत्रीय. जीन बैंक

B. बीज बैंक

C. स्थानान्तरित या झूम कृषि

D. वानस्पतिक उद्यान

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

22. जैव-विविधता के विषय में सही कथन चुनिए।

A. राजस्थान तथा गुजरात के मरुस्थल क्षेत्रों में रेगिस्तानी प्राणियों की स्पीशीज की भरमार है और साथ ही साथ वहाँ अनेक विरल प्राणी भी पाए जाते हैं

B. Bt कपास के बड़े व्यापक स्तर पर उगाए जाने से, जैव-विविधता पर कोई कुप्रभाव नहीं पड़ता है

C. पश्चिमी घाटों पर बहुत उच्चस्तरीय स्पीशीज सम्पन्नता और साथ ही साथ स्थानिकता पाई जाती है

D. जैव-विविधता का संरक्षण विकसित देशों की मात्र एक सनक है

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

23. पवित्र उपवन विशेषता किस सन्दर्भ में उपयोगी होते है

A. पर्यावरणीय जागरूकता पैदा करना

B. मृदा अपरदन को रोकना

C. नदियों में वर्ष-पर्यन्त जल का प्रवाह

D. दुर्लभ तथा संकटापन्न प्रजातियों का संरक्षण

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

24. भारत के निम्न क्षेत्रों में से कौन जैव विविधता के हॉट स्पॉट है ?

A. पूर्वी घाट

B. गंगा के मैदान

C. सुन्दरवन

D. पश्चिमी घाट

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

25. किसी भौगोलिक क्षेत्र की जैव-विविधता प्रदर्शित करती है

A. क्षेत्र में पाई जाने वाली संकटग्रस्त (Endangered) जातियाँ

B. क्षेत्र में निवास करने वाले जीवों की विविधता

C. क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रभावी जातियों में उपस्थित आनुवंशिक विविधता

D. क्षेत्र की एण्डेमिक जातियाँ

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

26. नीचे दिये जा रहे कथनों (A-D) पर विचार कीजिए जिनमें से प्रत्येक में एक या दो रिक्त स्थान दिये गये हैं

(A) भालू जाड़ो में (1) अवस्था में चले जाते हैं ताकि वे ठंडे मौसम से (2) सकें (B) एक शंक्वाकार आयु पिरामिड जिसका आधार चौड़ा होता है एक (3) मानव समष्टि का प्रतिदर्श होता है। (C) अंजीर के फूल का परागण करता हुआ एक तैतया (4) का उदाहरण है। किसी एक क्षेत्र को जिसमें स्पीशीज सम्पन्नता उच्च स्तर की होती है, (5) कहा जाता है।

निम्नलिखित में से किस एक विकल्प में (1) से (5) तक में से किन रिक्त स्थानों के लिए सही शब्द भरने का सुझाव दिया गया है

A. (2)-स्थायी, (4)-सहभोजिता, (5)-मार्श

B. (1)-ग्रीष्म निष्क्रियता, (5)-बचाव, (3)-स्थायी, (4)-सहोपकारिता

C. (3)-विस्तारित, [4)-सहभोजिता, (5)-जैव-विविधता पार्क

D. (1)-शीतनिद्रा, (2)-बचाव, (3)-विस्तारित, (4)-सहोपकारिता, (5)-हॉटस्पॉट

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

27. भारत में सर्वाधिक आनुवंशिक विविधता प्रदर्शित करता है-

A. चावल

B. मक्का

C. आम

D. मूंगफली

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

28. बड़ी काष्ठीय लताएँ सामान्यतया पाई जाती हैं-

A. मैन्ग्रोव में

B. उष्णकटिबन्धीय वर्षा वनों में

C. एल्पाइन वनों में

D. शीतोष्ण वनों में

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

29. निम्नलिखित परिवर्णी शब्दों (Acronyms) के विस्तृत रूपों (Expanded forms) में से कौन-सा सही हैं?

उत्तर देखें

30. भारतीय गेंडा निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का प्राकृतिक प्राणि है?

A. उत्तराखण्ड

B. उत्तर प्रदेश

C. हिमाचल प्रदेश

D. आसोम

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

31. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राकृतिक संसाधन एक नवीकरणीय क्षय संसाधन हैं?

A. कोयला

B. पेट्रोलियम

C. खनिज

D. वन

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

32. निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान में बाघ नहीं पाया जाता है?

A. रणथम्भौर

B. सुन्दरबन

C. गिर

D. जिम कॉर्बेट

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

33. भारत में, निम्नलिखित में से किसमें सर्वाधिक आनुवंशिक विविधता (Genetic diversity) पाई जाती हैं?

A. टीक

B. आम

C. मेहूँ

D. चाय

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

34. निम्नलिखित में से किस एक में क्वेरकस की जातियाँ एक प्रभावी घटक होती हैं

A. शीतोष्ण पर्णपाती वन

B. एल्पाइन वन

C. स्कब वन

D. उष्णकटिबन्धीय वर्षा वन

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

35. जैव-विविधता के तप्त स्थलों (हॉट-स्पॉट्स) में कौन-सा एक पहलू उपस्थित नहीं होता है?

A. स्थानिकता

B. त्वरित जाति (स्पीशीज) हानि

C. निम्नतर अन्तरजातीय प्रतिस्पर्धा

D. जाति (स्पीशीज) सम्पन्नता

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

36. नीचे दी जा रही सारणी में चार क्षेत्रों (i-iv), जिनके भीतर उपस्थित आवासों की संख्या कोष्ठकों के भीतर दी गई हैं, में पाई जाने वाली दस स्पीशीज (A-J) की जनसंख्या (हजार की संख्याओं में) दी दी गई है। सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद पूछे जा रहे प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(i) से (iv) में से किस क्षेत्र में स्पीशीज विविधता सर्वाधिक दिखायी दे रही हैं?

A. ii

B. iii

C. iv

D. i

Answer: C

उत्तर देखें

37. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े में दोनों ही जीवधारी, भारत में विदेशागत (exotic) स्पीशीज हैं

A. फाइकस रेलिजिओसा, लैदाना कैमेरा

B. लैन्याना कैमरा, जल कुमुदनी

C. जल कुमुदनी, प्रोजोपिस सिनेरेरिया

D. नाइल पर्च, फाइकस रेलिजिओसा

Answer:

वीडियो उत्तर देखें

38. भारत में , निम्नलिखित में से किस एक औषध पौधे की स्पीशीज संकटग्रस्थ है?

A. पोडोफिलम

B. ओसिमम

C. लहसुन

D. नेपेन्थिस

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

39. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े में एक पर्यावास (हैबिटैट) और उससे जुड़े विशिष्ट प्राणी को गलत मिलाया गया है?

A. दाचीगम राष्ट्रीय उपवन - हिम तेन्दुआ

B. सुन्दरवन - बंगाल का बाघ

C. पेरियार - हाथी

D. कच्छ का रन - जंगली गधा

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

40. भारत के निम्न क्षेत्रों में से कौन जैव विविधता के हॉट स्पॉट है ?

A. पश्चिमी घाट

B. सिन्धु-गंगा मैदान

C. पूर्वी घाट

D. अरावली पर्वत

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

41. निम्नलिखित में से किस एक जोड़े (एक प्राणी और एक पादपा दोनों ही भारत में संकटग्रस्त जीव माने जाते हैं

A. बेटिकिंया, निकोबारिका तथा लाल पाण्डा

B. इमली तथा रीसस बन्दर

C. सिन्कोना तथा तेन्दुआ

D. बरगद तथा काला मृग

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

42. निम्न में से किस एक जोड़े में एक संकटग्रस्त प्राणी एवं एक राष्ट्रीय उपवन को सही मिलाया गया है?

A. सिंह - कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान

B. गैंडा - काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

C. जंगली गधा - दुधवा राष्ट्रीय उद्यान

D. हुकना (महान भारतीय सारंग) - केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

43. निम्न में से किस एक को स्व-स्थाने (in-situ) संरक्षण में सम्मिलित नहीं किया गया है

A. अभ्यारण्य

B. वानस्पतिक वाटिका

C. बायोस्फीयर रिजर्व (सरक्षित जीव-मण्डल)

D. राष्ट्रीय उद्यान

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

44. IUCN रेड लिस्ट के अनुसार लाल पांडा (एल्यूरस फुल्गेन्स) का क्या स्थान है

A. सोचनीय संकटापन्न जाति

B. आघात योग्य जाति

C. लुप्त जाति

D. संकटापन्न जाति

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

45. किस अक्षांश पर, सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और धरातल से विकिरण के रूप में खर्च ऊर्जा लगभग बराबर होती है:

A. $22\frac{1}{(2)^{\circ}}$ उत्तर एवं दक्षिण

B. 40° उत्तर एवं दक्षिण

C. $42\frac{1}{(2)^{\circ}}$ उत्तर एवं दक्षिण

D. 66° उत्तर एवं दक्षिण

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

46. विश्व का 70% से अधिक अलवण जल किसमें मौजूद है?

A. दक्षिणी ध्रुव प्रदेश में

B. ध्रुवी बर्फ में

C. हिमनदों तथा पर्वतों में

D. ग्रीनलैंड में

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

47. वानस्पतिक उद्यानों का प्रमुख कार्य है

A. इनसे एक सुन्दर भूदृश्य प्राप्त होता है

B. यहाँ उष्णकटिबन्धीय पादपों को देखा जा सकता है

C. ये प्रयोगशाला के बाहर (बहि-स्थान) जर्म प्लाज्म संरक्षण में सहायता करते हैं

D. ये वन्य जीवों को प्राकृतिक वासस्थल उपलब्ध कराते हैं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

48. भारत के जैव विविधता अधिनियम को संसद ने किस वर्ष में पारित किया था -

A. 1992

B. 1996

C. 2000

D. 2002

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

49. किसी क्षेत्र में पादप जैव-विविधता के संरक्षण का सबसे प्रभावशाली तरीका है-

A. ऊतक संवर्द्धन विधि

B. जैव-मण्डल बनाकर

C. वानस्पतिक उद्यान बनाकर

D. बीज बैंक विकसित करके

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

50. कशेरूकी जन्तुओं के किस वर्ग में सर्वाधिक संकटापन्न जातियां आती हैं:

A. पक्षी

B. स्तनी

C. मत्स्य

D. सरीसृप

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

51. वह कौनसा संकटापन्न प्राणी है जिससे विश्व की सबसे बढ़िया, सबसे हल्की, सबसे अधिक गरम तथा सबसे ज्यादा कीमती ऊन, शाहतूश प्राप्त होती है :

A. नील गाय

B. चीतल

C. कश्मीरी बकरी

D. चीरू

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

52. वन्य जीवों की संख्या में निरन्तर कमी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण है :

A. परभक्षण

B. वनों को काटना

C. आवासों का समाप्त होना

D. शिकार करना

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

53. वन्यजीवन की सर्वाधिक बर्बादी होती है, जब

A. सही देखभाल का अभाव हो

B. विदेशी व्यापार के लिए बड़े पैमाने पर शिकार हो

C. इसके प्राकृतिक आवासों को नष्ट कर दिया जाए

D. प्राकृतिक आपदा

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

54. एन्डेमिक जातियों की दक्षिण अमेरिका व आस्ट्रेलिया में उपस्थिति का कारण है

A. ये जातियाँ अन्य क्षेत्रों से विलुप्त हो चुकी है

B. महाद्वीपीय पृथक्करण

C. इन स्थानों पर जाने के लिए स्थलीय मार्ग नहीं था

D. उपहासित विकास

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

55. सबसे बड़ा जीवित निशाकपिष्ठ लेमूर इंदरी इंदरी पाया जाता है

A. श्रीलंका में

B. मेडागास्कर में

C. मॉरीशस में

D. भारत में

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

56. ऐसा संस्थान जहाँ लुप्तप्राय मूल्यवान पादप सामग्री को सहज परिस्थितियों में रखा जाता है, कहलाता है

A. जीनोम

B. हरबेरियम

C. जीन लाइब्रेरी

D. जीन बैंक

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

57. वर्तमान समय में जैव-विविधता में कमी होने का सबसे सम्भावित कारण है

A. ओजोन परत का क्षरण होना

B. आवासों का विनष्टीकरण

C. DDT का जैविक आवर्धन

D. ग्लोबल वार्मिंग

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

58. कौन-सा प्राणी भारत में हाल में विलुप्त हो चुका है?

A. पेन्थेरा लियो

B. एकिनोनिक्स जुबेटस

C. एन्टीलोप सरवाइकेपरा

D. राइनोसेरस यूनीकॉर्निस

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

59. राष्ट्रीय पार्क में संरक्षित प्राणी के उच्च घनत्व का क्या परिणाम हो सकता है?

A. परस्परता

B. अन्तरजातीय प्रतियोगिता

C. प्रवासन

D. परभक्षीकरण

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

60. विश्व के कौन-से भाग में जीवों का घनत्व सघन होता है

A. घास के मैदान

B. सवाना

C. पर्णपाती वन

D. उष्णकटिबन्धीय वर्षा वन

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

61. दक्षिण अमेरिका के पूर्वी प्रशान्त में प्रत्येक 5-8 या अधिक वर्षों में आने वाली पेरू प्रवाह की गर्म समुद्री जलधारा कहलाती है

A. गल्फ जलधारा

B. अल-नीनो

C. आए-आए

D. मैग्नॉक्स

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

62. .MAB. किसका संक्षिप्त रूप है:

A. मैन एण्ड बायलॉजी प्रोग्राम

B. मैन एण्ड बायोस्फीयर प्रोग्राम

C. मैमल्स एण्ड बायोस्फीयर प्रोग्राम

D. मैमल्स एण्ड बायलॉजी प्रोग्राम

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

63. विभिन्न विशिष्ट वन्य जातियों के संरक्षण के लिए अनेक प्राकृतिक संरक्षित क्षेत्र बनाये गये हैं। निम्न में से सुमेलित जोड़ा छोटिये -

A. गिर जंगल - चीता

B. काजीरंगा - हाथी

C. कच्छ का रन - जंगली गधा

D. मानस वन्य जीव सेन्चुरी - कस्तूरी मृग

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

64. वन-क्षेत्र को आधा कर दिया जाए, तो भविष्य में क्या हो सकता है?

A. इन क्षेत्रों में रहने वाली जातियाँ भूख से मर जाएगी।

B. चारे की कमी के कारण इस क्षेत्र के चौपाए मर जाएंगे

C. काफी बड़ा क्षेत्र रेगिस्तान बन जाएगा

D. जर्मप्लाज्म में विभिन्नता की कमी के कारण फसल कार्यक्रम प्रभावित होगा

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

65. निम्न में से कौन सेन्चुरी व इसमें मुख्य संरक्षित वन्य प्राणी का सुमेलित जोड़ा है -

A. गिर - शेर

B. सरिस्का - टाइगर

C. सुन्दरवन – गैंडा

D. काजीरंगा - कस्तूरी मृग

Answer: A::B

वीडियो उत्तर देखें

66. कौन सा प्राणी भारत से विलुप्त हो गया है?

A. हिम तेंदुआ

B. हिप्पोपोटेमस दरियाई घोड़ा)

C. भेड़िया

D. चीता

Answer: D

वीडियो उत्तर देखें

67. गैंडा से सम्बन्धित राष्ट्रीय उद्यान है -

A. काजीरंगा

B. रणथम्भौर

C. कॉर्बेट

D. फूलों की घाटी

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

68. रणथम्भौर का राष्ट्रीय उद्यान स्थित है

A. महाराष्ट्र

B. राजस्थान

C. गुजरात

D. उत्तर प्रदेश

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें

69. भारत में उष्ण-कटिबंधीय वन पाए जाते हैं:

A. जम्मू-कश्मीर में

B. राजस्थान में

C. केरल व आसोम में

D. भारत में नहीं पाए जाते हैं

Answer: C

वीडियो उत्तर देखें

70. प्रजाति विभिन्नता बढ़ती है, जब हम चलते हैं:

A. उच्च भूमि से निम्न भूमि की ओर तथा उच्च अक्षांश से निम्न अक्षांश की ओर

B. निम्न भूमि से उच्च भूमि की ओर तथा उच्च अक्षांश से निम्न अक्षांश की ओर

C. निम्न भूमि से उच्च भूमि की ओर तथा निम्न अक्षांश से उच्च अक्षांश की ओर

D. उच्च भूमि से निम्न भूमि की ओर तथा निम्न अक्षांश से उच्च अक्षांश की ओर

Answer: A

वीडियो उत्तर देखें

71. अमेरिकन जलीय पादप जो कि भारत में एक कष्टकारी जलीय खरपतवार है वह है

A. साइप्रस रोटन्डस

B. आइकॉर्निया क्रेसीपेस

C. ट्रापा लेटीफोलिया

D. ट्रापा बाइस्पाइनोसा

Answer: B

वीडियो उत्तर देखें